दुनिया का कोई खिलाड़ी हालात को कोहली से बेहतर नहीं समझ सकता। कोहली शानदार खिलाड़ी है। वह हालात को बखूबी समझकर उसके अनुरूप खेलता है और इस मामले में दुनिया में उसका कोई सानी नहीं है।" - स्टीव स्मिथ

स्टार स्पोटर्स की कमेंट्री टीम के सदस्य, विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

सूर्यकुमार

टी-20 टीम के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव रविवार को वानखेड़े में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले वाले मुकाबले के लिए मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ेंगे। हालांकि उनके फिटनेस की पुष्टि नहीं हो पाई है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सूर्यकुमार यादव शुक्रवार को मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ेंगे। इस वर्ष की शुरुआत में हुई टखने की सर्जरी से उबरने के लिए वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में थे। उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी भी करानी पड़ी थी जिसके कारण वह घरेलु मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज से बाहर हो गये थे।

क्या आप जानते हैं ?... प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

हैदराबाद की होमग्राउंड पर लगातार दूसरी जीत

चेन्नई को छह विकेट से हराया

हैदराबाद, 5 अप्रेल । सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में अपने होमठाउंड पर लगातार दूसरा मुकाबला जीत लिया है। टीम ने सीजन के 18वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स को 6 विकेट से हराया। इस जीत से हैदराबाद की टीम पॉइंट्स टेबल के 5वें नंबर पर आ गई है। वहीं, चेन्नई तीसरे नंबर पर बरकरार है।

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शुक्रवार को हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चेन्नई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 165 रन का स्कोर बनाया। 166 रन का टारगेट हैदराबाद ने 18.1 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। टीम के पूर्व कप्तान ऐडन मार्करम ने 36 बॉल पर 50 रन बनाए। इम्पैक्ट प्लेयर ट्रैविस हेड 31 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 12 बॉल पर 37 रन की विस्फोटक पारी खेली। चेन्नई से मोइन अली ने 2 विकेट लिए।

शिवम दुबे ने 24 बॉल पर 45 रन की पारी खेली, जबकि अजिंक्य रहाणे ने 35 रन का योगदान दिया। आखिर में रवींद्र जडेजा ने नाबाद 31 रन जुटाए। हैदराबाद से भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, पैट कमिंस, शाहबाज अहमद और जयदेव उनादकट को एक-एक विकेट मिला।

नीतीश कुमार ने 19वां ओवर लेकर आए दीपक चाहर की पहली बॉल पर छक्का जमाते हुए हैदराबाद को 6 विकेट की जीत दिला दी है। नीतीश 8 और हेनरिक क्लासन 10 रन बनाकर नाबाद लौटे। 17वें ओवर में हैदराबाद ने 150 का आंकड़ा पार कर लिया है। इस ओवर के बाद टीम का स्कोर 151 रन रहा। यहां से टीम को 18 बॉल पर 15 रन बनाने हैं। मोईन अली ने 16वें ओवर में दूसरा विकेट लिया। उन्होंने इस बार शाहबाज अहमद को किया। शाहबाज ने 19 बॉल पर 18 रन बनाए। इस पारी में वह एक ही सिक्स लगा सके। मोईन ने इससे पहले ऐडन मार्करम को भी किया था।

हैदराबाद के पूर्व कप्तान ऐडन मार्करम को मोईन अली ने पवेलियन भेजा। मोईन ने मार्करम को 14वें ओवर में किया। मार्करम ने 36 बॉल पर 50 रन बनाए, इस पारी में 4 चौके और एक सिक्स शामिल रहा।

10वें ओवर में हैदराबाद को दूसरा झटका लगा। महीश तीक्षणा की चौथी बॉल पर ट्रैविड हेड कैच आउट हुए। उन्हें रचिन रवींद्र ने कैच किया। इस ओवर के बाद हैदराबाद का स्कोर 107/2 रहा। 9वें ओवर में हैदराबाद ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। इसी ओवर में हेड ओर मार्करम ने फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी की।

ऑस्ट्रेलिया की चुनौती के लिये तैयार भारतीय हॉकी टीम

पर्थ, 5 अप्रेल। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिये शनिवार से यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस श्रृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा ,'' पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना है और उन पहलुओं का पता करना है जिनमें सुधार की जरूरत है।'' उन्होंने कहा ,'' हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके आस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा।'' भारत ने आखिरी बाद 2014 में विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी।

फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही। आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली। दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रुप में है लिहाजा टेस्ट श्रृंखला के जरिये दोनों को एक दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा ,'' हम इस चुनौती के लिये तैयार हैं। हमें पता है कि आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी है लेकिन हमें अपनी क्षमता और तैयारियों पर भरोसा है। हमारा लक्ष्य सिर्फ इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना नहीं बल्कि एक ईकाई के रूप में खुद को निखारना भी है।'' भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 2013 से अब तक 43 मैच हुए हैं जिनमें से 28 आस्ट्रेलिया ने और आठ भारत ने जीते जबकि सात मैच ड्रॉ रहे। मैच दोपहर दो बजे से शुरू होगा।

पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया

अहमदाबाद, 5 अप्रेल। शशांक सिंह नाबाद 61 रन और आशुतोष शर्मा 31 रनों ने आखिरी ओवरों में धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को एक गेंद शेष रहते गुजरात टाइटंस पर तीन विकेट से जीत दिला दी है। पंजाब की चार मैचों में यह दूसरी जीत है।

200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की टीम की शुरुआत खराब रही। उमेश यादव ने दूसरे ही ओवर में कप्तान शिखर धवन एक रन को बोल्ड कर पंजाब को पहला झटका दिया। उसके बाद छठें ओवर में जॉनी बेयरस्टो 13 गेंदों में चार चौकों की मदद से 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें नूर अहमद ने बोल्ड आउट किया।

प्रभसिमरन सिंह ने 24 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाकर 35 रन बनाये। सैम करण पांच रन, सिकंदर रज़ा 15 रन और जितेश शर्मा 16 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 29 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 61 जुटाये और आशुतोष शर्मा 17 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 31 रन बनाये। हरप्रीत बराड़ एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने 19.5 ओवर में सात विकेट पर 200 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर से नूर अहमद ने दो विकेट लिये। अजमतउल्लाह उमरजई, उमेश यादव, राशिद खान, दर्शन नालकंडे और मोहित शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शुभमन गिल नाबाद 89 रनों की कप्तान पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा 11 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद केन विलियमसन 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। साई सुदर्शन ने 19 गेंदों में छह चौकों की मदद से 33 रन बनाये। विजय शंकर आठ रन बनाकर आउट हुये। शुभमन गिल ने 48 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 89 रनों की पारी खेली।

दिल्ली कैपिटल्स को झटका

कुलदीप यादव हो गए हैं चोटिल

नई दिल्ली, 5 अप्रेल। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव 'ग्रोइन' चोट से उबर रहे हैं और उन्हें दिल्ली कैपिटल्स टीम प्रबंधन द्वारा एहतियात के तौर पर मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आराम की सलाह दी गयी है। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप को दिल्ली कैपिटल्स के जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सत्र के दूसरे मैच में चोट लग गयी थी जिसमें टीम को हार का सामना करना पड़ा था।

इससे इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को अगले मुकाबलों के लिए बाहर रहने के लिए बाध्य होना पड़ा जिसमें अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने अंतिम एकादश में वापसी की। आईपीएल के एक सूत्र से जब कुलदीप की हालत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पीटीआई से कहा, ''उन्हें मैच फिट होने के लिए कुछ समय लगेगा। '' कुलदीप केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी हैं और टी20 विश्व कप के उम्मीदवार हैं तो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम की सलाह उनकी चोट और 'रिहैब' प्रबंधन में अहम होगी।

आईपीएल की फ्रेंचाइजी के लिए भारतीय खिलाड़ी की चोट और चोट संबंधित चिंताओं की एनसीए को जानकारी देना अनिवार्य है। कुलदीप हालांकि सभी मुकाबलों के लिए टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं और रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के आगामी मुकाबले में उनकी भागीदारी पर भी संदेह बरकरार है। कुलदीप ने दो मैच में 7.62 के इकोनोमी से तीन विकेट झटके हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करते हुए 19 विकेट झटके थे।

आईओए में गतिरोध जारी, कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर लगाई रोक

नई दिल्ली, 5 अप्रेल। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में जारी अंतर्कलह ने आज नया मोड़ ले लिया जब इसकी कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने अनधिकृत व्यक्तियों को मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने का नोटिस जारी किया। यह नोटिस कार्यकारी परिषद के सदस्यों की बैठक के बाद आईओए कार्यालय पर लगाया गया।

आईओए अध्यक्ष पी टी उषा और कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों की छह जनवरी को सीईओ पद पर रघुराम अय्यर की नियुक्ति के बाद से ठनी हुई है। अय्यर पहले आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के सीईओ रह चुके हैं। नोटिस पर कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों के हस्ताक्षर है जिसमें लिखा गया है, यह नोटिस यह बताने के लिये जारी किया गया है कि अनधिकृत व्यक्तियों का आईओए कार्यालय में प्रवेश निषेध है।

नोटिस पर सीनियर उपाध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव और गगन नारंग, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव और सदस्य डोला बनर्जी, हरपाल सिंह, योगेश्वर दत्त , अमिताभ शर्मा और भूपिंदर सिंह बाजवा के हस्ताक्षर है। समझा जाता है कि उषा अभी दिल्ली में नहीं है लेकिन उन्हें जानकारी दे दी गई है। अय्यर के सीईओ बनने के बाद कार्यकारी परिषद के 15 में से 12 सदस्यों ने आरोप लगाया था कि उषा ने उनकी नियुक्ति के लिये दबाव बनाया है जबकि उषा ने इन आरोपों को शर्मनाक बताया था।

'खराब फील्डिंग और कैच छोड़ने के कारण हारे मैच'

अहमदाबाद, 5 अप्रेल। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ तीन विकेट की हार के बाद कहा कि उनकी टीम ने पर्याप्त रन बनाए थे लेकिन कैच टपकाने के कारण स्कोर का बचाव नहीं कर पाए। टाइटंस के क्षेत्ररक्षकों ने मैच में कम से कम तीन कैच टपकाए। गिल ने मैच के बाद कहा, ''कुछ कैच टपकाए। ऐसे विकेट पर जब आप कैच छोड़ते हो तो कभी भी आसान नहीं होता। इन परिस्थितियों में रनों का बचाव करना मुश्किल होता है। नई गेंद से कुछ मदद मिल रही थी लेकिन सुधार की गुंजाइश है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि 200 काफी अच्छा स्कोर था। हम 15वें ओवर तक मुकाबले में थे। जब आप कैच छोड़ेंगे तो आप मुसीबत में पड़ जाएंगे। नालकंडे ने पिछले मैच में जिस तरह से गेंदबाजी की उसके कारण हम आखिरी ओवर के लिए उसके पास गए।'' टाइटंस के 200 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स को शशांक सिंह ने 29 गेंद में छह चौकों और चार छक्कों से नाबाद 61 रन की पारी खेलकर एक गेंद शेष रहते सात विकेट पर 200 रन के विजयी स्कोर तक पहुंचा दिया।

हिसार में एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, हॉकी तथा कुश्ती चयन स्पर्धा 8 अप्रेल से

चंडीगढ़, 5 अप्रेल। भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र द्वारा संचालित परीक्षण केंद्र, हिसार में चयन स्पर्धा परीक्षण कार्यक्रम आठ से 10 अप्रैल तक आयोजित किये जायेंगे। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र हिसार के सहायक निदेशक निशांत कुमार मौर्य ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आठ अप्रैल को एथलेटिक्स तथा बॉक्सिंग, नौ अप्रैल को बॉक्सिंग तथा हॉकी एवं 10 अप्रैल को हॉकी तथा कुश्ती स्पर्धा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्पर्धा में नौ से 18 वर्ष की आयु के लडक़े एवं लड़कियां दोनों भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि युवा मामले और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय खेल प्राधिकरण खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

शुभमन गिल ने गुजरात टाइटंस के लिए पूरे किए 1500 रन, ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज बने

नई दिल्ली, 5 अप्रेल। सलामी बल्लेबाज शुबमन गिल ने पंजाब किंग्स के खिलाफ नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। गुरुवार को पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने अर्धशतकीय पारी खेली। गिल का बतौर कप्तान ये पहला अर्धशतक था। गिल ने 48 गेंद में 89 रन की दमदार पारी खेली, जिसकी बदौलत गुजरात ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 199 रन बनाए। आईपीएल 2024 से पहले शुभमन गिल को गुजरात टाइटंस ने अपना नया कप्तान नियुक्त किया। स्टार भारतीय बल्लेबाज आईपीएल के इतिहास में नौवें सबसे कम उम्र के कप्तान हैं। शुभमन गिल गुजरात टाइटंस के लिए 1500 रन पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके अलावा कोई बल्लेबाज गुजरात के लिए 1000 रन भी नहीं पूरा कर सका है। 37 पारियों में शुभमन गिल ने 148 के स्ट्राइक रेट से 1537 रन बनाए हैं। गिल को 2022 आईपीएल मेगा नीलामी से पहले प्री-नीलामी ड्राफ्ट में अहमदाबाद स्थित फ्रेंचाइजी द्वारा हार्दिक पंड्या और राशिद खान के साथ 8 करोड़ रुपये में खरीदा गया। शुभमन गिल ने 2022 में गुजरात टाइटंस की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

विराट कोहली ने की आवेश के साथ मस्ती

नई दिल्ली, 5 अप्रेल। विराट कोहली का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वह राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज आवेश खान के साथ मस्ती कर रहे हैं। इस दौरान वहां पर युजवेंद्र चहल भी मौजूद नजर आ रहे हैं। आईपीएल का अगला मुकाबला आरसीबी और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने वाला है। यह मैच जयपुर में खेला जाएगा। इस वीडियो को देखते ही फैन्स को पिछले सीजन का आरसीबी और एलएसजी का मैच याद आ गया। इस मैच में जीत के बाद आवेश खान ने अपना हेलमेट जमीन पर पटककर सेलिब्रेट किया था। राजस्थान की टीम अपना अगला मैच अपने होम ग्राउंड पर खेलेगी। इस मैच में हिस्सा लेने के आरसीबी की टीम जयपुर पहुंची हुई है। प्रैक्टिस सेशन के दौरान आरसीबी के विराट कोहली और राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल मौजूद हैं। इसी दौरान वहां पर आवेश खान आते दिखाई देते हैं। आवेश को देखते ही विराट कोहली मस्ती के मूड में आ जाते हैं।

नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम लिया वापस

पेरिस, 5 अप्रेल। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने स्वास्थ्य कारणों से मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस ले लिया है। नडाल की इस घोषणा के बाद मई के आखिर में होने वाले 15वें फ्रेंच ओपन में उनके खेलने की संभावना भी कम दिख रही है। नडाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा, ये मेरे लिए बहुत कठिन समय है दुर्भाग्य से मुझे आपको बताना पड़ रहा है कि मैं मोंटे-कार्लो में नहीं खेलूंगा। मेरा शरीर मुझे इसकी इजाजत नहीं दे रहा। भले ही मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और खेलने की पूरी इच्छा के साथ हर दिन अधिकतम प्रयास कर रहा हूं। उन टूर्नामेंटों में फिर से प्रतिस्पर्धा करू जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं, सच्चाई यह है कि मैं आज नहीं खेल सकता।

उन्होंने कहा, आपको अंदाजा नहीं है कि इन स्पर्धाओं में न खेल पाना मेरे लिए कितना कठिन है। केवल एक चीज़ जो मैं कर सकता हूँ वह है स्थिति को स्वीकार करना और खेलने के लिए उत्साह और इच्छाशक्ति को बनाए रखते हुए मुझे चीजों को बेहतर करने का अवसर मिला है।

उल्लेखनीय है कि 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नाडाल की पिछली गर्मियों में कूल्हे की सर्जरी हुई थी और इस साल की शुरुआत में वापसी के बाद उन्होंने केवल तीन मैच खेले हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन थॉम्पसन से हारने से पहले उन्होंने डोमिनिक थिएम और जेसन कुबलर को हराया। इसी दौरान कूल्हे की चोट उभरने के कारण उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटना पड़ा था।

महादेव की शरण में पहुंचे पांड्या

सोमनाथ, 5 अप्रेल। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2024 अब तक बुरा रहा है। आईपीएल के 17वे सीजन से पहले ही मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक पंड्या के नया कप्तान नियुक्त किया। जिसके बाद से ही फैंस हार्दिक पंड्या को लगातार ट्रोल कर रहे हैं।

रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला, हरियाणा एकादश, उत्तर रेलवे दिल्ली ने जीत हासिल की

जालंधर, 5 अप्रेल। पहले सुरजीत 5ए साइड महिला गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट के ग्रुप मुकाबलों में रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला, हरियाणा एकादश, उत्तर रेलवे दिल्ली ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। पंजाब के जालंधर में ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में सुरजीत हॉकी सोसाइटी द्वारा आयोजित किये जा रहे पहले सुरजीत 5ए साइड महिला गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट में रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला ने पंजाब एकादश को 6-3 से हराया। एक अन्य मुकाबले में हरियाणा एकादश ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुंबई पर 5-3 से जीत दर्ज की। उत्तर रेलवे दिल्ली ने साई सोनीपत को 4-3 से, सीआरपीएफ दिल्ली ने सेंट्रल रेलवे मुंबई को 5-3 से हराया, रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला ने साई सोनीपत को 5-4 से और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सीआरपीएफ दिल्ली को 6-5 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। पूल ए में पहले मैच में रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला और पंजाब इलेवन ने बेहतरीन खेल दिखाया। हाफ टाइम तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। इसके बाद रेल कोच फैक्ट्री ने यह मैच 6-3 से जीत लिया और लीग राउंड में तीन अंक हासिल कर लिए. आरसीएफ की ओर से ऐश्वर्या ने तीन गोल कर टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक बनाई जबकि पंजाब की ओर से सुखवीर कौर ने दो गोल किये। पूल बी के दूसरे मैच में हरियाणा इलेवन ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुंबई को 5-3 से हराकर तीन अंक हासिल किए। हाफ टाइम तक दोनों टीमें 2-2 से बराबरी पर थीं। हरियाणा के लिये ऊषा ने दो और यूनियन बैंक के लिये जीवन किशोरी ने दो गोल किये। तीसरे मैच में पूल ए में नॉर्दर्न रेलवे और साई सोनीपत ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद 4-3 से जीत दर्ज कर तीन अंक प्राप्त किये। हाफ टाइम तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। नॉर्दर्न रेलवे की शिल्पी दिवस ने दो और साई सोनीपत की कप्तान डिंपल ने दो गोल किए। पूल बी के चौथे मैच में सीआरपीएफ दिल्ली ने सेंट्रल रेलवे मुंबई को 5-3 से हराकर तीन अंक हासिल किये। सीआरपीएफ की सुप्रिया मुंडू ने टूर्नामेंट की दूसरी हैट्रिक बनाई जबकि सेंट्रल रेलवे मुंबई के लालरुटफेली ने दो गोल किये। पूल ए के पांचवें मैच में रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला ने साई सोनीपत को 5-4 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की और कुल 6 अंक जुटाये। रेल कोच फैक्ट्री के लिये अंजलि गौतम ने दो गोल किये जबकि साई सोनीपत के लिये डिंपल ने दो गोल किये। साई सोनीपत ने दो लीग मैच खेले और दोनों मैच हार गये। पूल बी के छठे मैच में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुंबई ने सीआरपीएफ दिल्ली को 6-5 के अंतर से हराकर लीग राउंड में अपनी पहली जीत दर्ज की और तीन अंक हासिल किए। उद्घाटन समारोह में लखविंदर पाल सिंह खैरा, ओलंपियन राजिंदर सिंह, राजबीर कौर, प्रवीण गुप्ता, नरिंदरपाल सिंह जज, रणबीर सिंह राणा टुट, एलआर नायर, गौरव अग्रवाल, नत्था सिंह गाखल, इकबाल सिंह संधू, सुरिंदर सिंह भापा, राजिंदर सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।